GOVERNMENT COLLEGE SATNALI, MAHENDERGARH

Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari & Recognised u/s 2(f) & 12 (B) of UGC Act

AISHE CODE: C-49467 | *Phone: 01285-231122(O)*
Website: http://gcsatnali.ac.in | *E-mail: gcsatnali@yahoo.com*

Report on Har Ghar Tiranga Campaign (12-08-2024)

दिनांक: 12-08-2024

स्थान: राजकीय महाविद्यालय सतनाली

प्रतिभागियों की संख्या: 120 स्वयंसेवक

भारतीय स्वतंत्रता के 75 गौरवशाली वर्ष "आजादी का अमृत महोत्सव" के संबंध में, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने "हर घर तिरंगा" नामक एक महान पहल शुरू की है। **12-08-2024** को सुबह 11बजे स्वयंसेवक द्वारा "**हर घर तिरंगा"** रैली आयोजित की गई ताकि लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। कॉलेज प्राचार्य श्री बिरेंद्र सिंह ने एनएसएस ग्रुप लीडर को तिरंगा ध्वज प्रदान कर रैली का शुभारंभ किया। रैली लोहारू चौक से होते हुए पुनः राजकीय महाविद्यालय सतनाली में आकर समाप्त हुई। रैली का जगह-जगह स्कूली विद्यार्थियों, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जन समुदाय द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ । इस यात्रा में महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त शिक्षकगण की सहभागिता रही।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय सतनाली

महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

सतनाली मंडी | राजकीय महाविद्यालय सतनाली में एनएसएस के तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य विरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें शहीदों के सम्मान में उनके त्याग व बलिदान के स्मरण में अपने घर या संस्थाओं में तिरंगा फहराना चाहिए वहीं एनएसएस अधिकारी डॉ. श्री भगवान व डॉ. कमला यादव ने छात्रों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने व उसकी सेल्फी लेने का आह्वान किया। कॉलेज से एक रैली का आयोजन भी किया गया जो कस्बे की विभिन्न गलियों से होती हुई कॉलेज पहुंची। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शहीदों के त्याग व बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रीय प्रेम व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई।

GOVERNMENT COLLEGE